चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः पी0ए0 / 2647
दिनांकः 31.03.2020

शीर्ष प्राथमिकता

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / सचिव,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान एवं समस्त निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी / समन्वयक /
छात्र कल्याण अधिष्ठाता / चीफ प्रोक्टर / समस्त वार्डन,
चौधरी चरण सिह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।

विषय : कोरोना वायरस (COVID-19) से बचाव हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / शैक्षिक संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर के समस्त संस्थान दिनांक 03.04.2020 से 14.04.2020 तक पूर्ण रूप से बन्द किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के निर्देशों के अनुपालन में **कोरोना वायरस (COVID-19)** के प्रसार के खिलाफ निवारक उपायों के एक भाग के रूप में आदेशानुसार **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय / संस्थान तथा विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त विभाग / संस्थान दिनांक 03 अप्रैल, 2020 से 14 अप्रैल, 2020 तक पूर्ण रूप से बन्द रहेंगे।** उक्त अवधि मे समस्त कक्षाएँ, परीक्षाएँ, कार्यक्रम, परियोजनाएँ, सेमिनार एवं अन्य सभी शैक्षणिक क्रियाकलाप एवं गतिविधियाँ स्थगित रहेंगी, जिनमे छात्रों की उपस्थिति की आवश्यकता होती हैं। उक्त अवधि तक मूल्यांकन कार्य भी पूर्ण रूप से स्थगित रहेगा।

उक्त अवधि में निरस्त की गयी परीक्षाओं एवं अन्य सभी शैक्षणिक क्रियाकलापों / गतिविधियों का यथासंशोधित कार्यक्रम, वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत अथवा किसी बदलाव की स्थिति में विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर घोषित किया जायेगा।

भवदीय,
31/03/2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

01. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को, मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. समस्त उपकुलसचिव / सहा0 कुलसचिव / कार्या0 अधीक्षक को सूचनार्थ प्रेषित।
06. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रभारी—वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव